**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तर।**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 20 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर विकास खण्ड-खैराबाद के ग्रामसभा-कैथाबारी में कैथाबारी से कपूरढाबा तक दूरी जो लगभग 500 मी0 है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद के अन्तर्गत ग्राम कैथाबारी एन0एच0-30 के किमी0 422 से दाहिनी तरफ निकलने वाले बाराभारी से कैथाबारी सम्पर्क मार्ग पर स्थित है। इस प्रकार ग्राम कैथाबारी से कपूर ढाबा तक कच्चा मार्ग है जो लोक निर्माण विभाग से संबंधित नहीं है। कपूर ढाबा एन0एच0-30 के किमी0 423 में स्थित है। किसी ग्राम को ढाबे से जोड़े जाने की कोई योजना लोक निर्माण विभाग में प्रचलित नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**